e Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

स०सं०:– 01/भू०अ०नि० (6) विशेष सर्वे–13/2024 13802

प्रेषक,

जे० प्रियदर्शिनी, भा०प्र०से०
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

सेवा में,

बन्दोबस्त पदाधिकारी,
दरभंगा एवं समस्तीपुर।

पटना, दिनांक :– 19/09/2024

विषय :– बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत प्रपत्र–5 के संधारण हेतु आवश्यक विगत सर्वेक्षण खतियान के कैथी भाषा में होने के कारण आने वाली कठिनाईयों को देखते हुए दरभंगा एवं समस्तीपुर बन्दोबस्त कार्यालय अंतर्गत कैथी भाषा से संबंधित जिला स्तरीय प्रशिक्षण के संबंध में।

प्रसंग :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना का पत्रांक–13724 दिनांक–11.09.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्र के आलोक में विभिन्न जिलों के अनुरोध एवं कैडेस्ट्रल सर्वे के खतियान के कैथी भाषा में होने के कारण बन्दोबस्त कार्यालय, पश्चिम चम्पारण में 03 दिवसीय कैथी लिपि का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस संबंध में दरभंगा एवं समस्तीपुर के बन्दोबस्त कार्यालय अंतर्गत कैथी लिपि का प्रशिक्षण कार्यक्रम निम्नवत निर्धारित किया जाता है:–

क्र० सं०	**बन्दोबस्त कार्यालय का नाम**	**प्रशिक्षण की तिथि**
01.	दरभंगा	23.09.2024 से 25.09.2024 तक
02.	समस्तीपुर	26.09.2024 से 28.09.2024 तक

कैथी लिपि से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम की विवरणी

कार्य दिवस	**10:30 पूर्वा० से 12:00 अप०**	**12:00 अप० से 01:30 अप०**	**01:30 अप० से 2:30 अप०**	**2:30 अप० से 4:00 अप०**	**4:00 अप० से 5:30 अप०**
प्रथम दिन	कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र)	कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र)	भोजनावकाश	कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र)	कैथी लिपि (मिथिला प्रक्षेत्र)
द्वितीय दिन	कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र)	कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र)		कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र)	कैथी लिपि (मगध प्रक्षेत्र)
तृतीय दिन	कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र)	कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र)		कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र)	कैथी लिपि (भोजपुरी प्रक्षेत्र)

उक्त प्रशिक्षण पूर्व से चयनित प्रशिक्षक, श्री प्रीतम कुमार, रिसर्च स्कॉलर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी एवं मो० वाकर अहमद, छपरा, मो० नं०–7856853190 द्वारा दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बन्दोबस्त कार्यालय, दरभंगा एवं समस्तीपुर में पदस्थापित सभी विशेष सर्वेक्षण अमीन एवं कानूनगो कार्यक्रम के अनुसार भाग लेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम हेतु जिला बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा जिला मुख्यालय में प्रशिक्षण कक्ष समेत अन्य सभी आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराया जाएगा। प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण हेतु निर्धारित कक्षावार मानदेय का भुगतान किया जाएगा एवं जिला स्तर पर आवासन एवं खान–पान की व्यवस्था भी बन्दोबस्त कार्यालय द्वारा की जाएगी।

विश्वासभाजन

19/9

(जे० प्रियदर्शिनी)
निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप
बिहार, पटना।

D:\Sanjeev-2024\Birendra Sir\Director\file no-13 2024. 18.09.2024.doc

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13802......**पटना, दिनांक :**....19/09/2024....

प्रतिलिपि : श्री प्रीतम कुमार, रिसर्च स्कॉलर, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी एवं मो0 वाकर अहमद, छपरा, मो0 नं0–7856853190 को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/9

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13802......**पटना, दिनांक :**....19/09/2024....

प्रतिलिपि : सभी बन्दोबस्त पदाधिकारी (पश्चिमी चम्पारण, दरभंगा एवं समस्तीपुर को छोड़कर)/सभी प्रभारी पदाधिकारी, बन्दोबस्त/सभी सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी (मु0), बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

19/9

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13802......**पटना, दिनांक:**19/09/2024

प्रतिलिपि : सहायक निदेशक/विशेष कार्य पदाधिकारी, भू–अभिलेख एवं परिमाप/प्रशाखा पदाधिकारी/निदेशालय में पदस्थापित सभी प्रमंडलों के नोडल पदाधिकारी/प्रभारी, विशेष सर्वेक्षण कोषांग/प्रभारी, आई0टी0 सेल, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

19/9

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13802......**पटना, दिनांक:**19/09/2024

प्रतिलिपि : अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

19/9

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 01/भू0अ0नि0 (6) विशेष सर्वे–13/2024......13802......**पटना, दिनांक:**19/09/2024

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

19/9

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप